8 October 2019 Current Affairs – Download Pdf

By **admin** - October 7, 2019

Visit Daily: www.studymasterofficial.com

(YOUTUBE – STUDY MASTER) Like share & subscribe

www.studymasterofficial.com

Join telegram for pdfs https://t.me/studymaster

FACEBOOK PAGE–YOUTUBE CHANEL STUDY MASTER

Join Whatsapp Group – Click Here

8 अक्टूबर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में

प्रश्न 1. हाल ही में किसने शहीद होने और जंग में 60% शारीरिक क्षति होने पर जवानों के परिवार को 8 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है?
क. निर्मला सीतारमण
ख. राजनाथ सिंह
ग. रामविलास पासवान
घ. नरेंद्र मोदी

उत्तर: ख. राजनाथ सिंह – हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शहीद होने और जंग में 60% शारीरिक क्षति होने पर जवानों के परिवार को 8 लाख रुपए तक की आर्थिक मदद देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जबकि पहले 1 से 2 लाख रुपए के बीच आर्थिक मदद की जाती थी.

प्रश्न 2. निम्न में से किस शहर में दुनिया का पहला स्पोर्ट्स बेटिंग एरिना खोला जाने की घोषणा की गयी है?
क. दुबई
ख. वॉशिंगटन
ग. मुंबई
घ. दिल्ली

उत्तर: ख. वॉशिंगटन – अमेरिका के वॉशिंगटन में दुनिया का पहला स्पोर्ट्स बेटिंग एरिना खोला जाने की घोषणा की गयी है. इस स्पोर्ट्स बेटिंग एरिना का नाम कैपिटल वन एरिना है. इस भव्य इमारत को बेटिंग एरिना के तौर पर तैयार किया गया है.

प्रश्न 3. भारतीय महिला टीम की टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर कितने टी-20 मैच खेलने वाली पहली भारतीय खिलाडी बन गयी है?
क. 50 मैच
ख. 100 मैच
ग. 150 मैच
घ. 200 मैच

उत्तर: ख. 100 मैच – भारतीय महिला टीम की टी-20 कप्तान हरमनप्रीत कौर 100 टी-20 मैच खेलने वाली पहली भारतीय खिलाडी बन गयी है. वे इस मामले में महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा से दो मैच आगे हैं धोनी और रोहित ने अभी तक 98 टी-20 खेले हैं.

प्रश्न 4. हाल ही में किसने सोने की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है?
क. निति आयोग
ख. योजना आयोग
ग. वाणिज्य मंत्रालय
घ. खेल मंत्रालय

उत्तर: ग. वाणिज्य मंत्रालय – वाणिज्य मंत्रालय ने हाल ही में सोने की हॉलमार्किंग अनिवार्य करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. लेकिन डब्ल्यूटीओ में नियम नोटिफाई करने के बाद ही यह लागू होगा. इस नियम लागू होने में 2-3 महीने लग सकते हैं. इस वक्त भारत में 800 हॉलमार्किंग सेंटर हैं.

प्रश्न 5. सैमसंग ने किस देश में स्मार्टफोन का विनिर्माण पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की है?
क. भारत
ख. ऑस्ट्रेलिया
ग. चीन
घ. जापान

उत्तर: ग. चीन – कोरियाई कंपनी सैमसंग ने हाल ही में चीन में स्मार्टफोन का विनिर्माण पूरी तरह से बंद करने की घोषणा की है. कंपनी ने चीन में श्रम की बढ़ती लागत के मद्देनजर यह कदम उठाया है. सैमसंग ने इससे पहले पिछले वर्ष चीन के तिआनजिन में स्थित एक अन्य कारखाने को बंद किया था.

प्रश्न 6. वर्ल्ड ऐथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अविनाश साबले ने कितने मीटर स्टीपलचेज में अपना रिकॉर्ड तोड़कर तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर लिया है?
क. 1000 मीटर
ख. 2000 मीटर
ग. 3000 मीटर
घ. 5000 मीटर

उत्तर: ग. 3000 मीटर – वर्ल्ड ऐथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपना रिकॉर्ड तोड़कर तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर लिया है. उन्होंने यह रेस 8 मिनट 21.37 सेकंड में राउंड को पूरा करके यह उपलब्धि हासिल की.

प्रश्न 7. एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मेजर अब्दुल कादिर खान ने कौन सा मेडल जीता है?
क. गोल्ड मेडल
ख. सिल्वर मेडल
ग. ब्रोंज मेडल
घ. गोल्ड और सिल्वर दोनों

उत्तर: ख. सिल्वर मेडल – एशियन बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में भारतीय सेना के मेजर अब्दुल कादिर खान ने सिल्वर मेडल जीता है. वे भारतीय सेना के कॉर्प्स ऑफ सिग्नल का हिस्सा हैं.

प्रश्न 8. भारत के प्रधानमंत्री और किस देश की प्रधानमंत्री के बीच दोनों देशो में 7 समझोते पर करार हुए है?
क. जापान
ख. चीन

ग. बांग्लादेश
घ. ऑस्ट्रेलिया

उत्तर: ग. बांग्लादेश – भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के बीच दोनों देशो में 7 समझोते पर करार हुए है. जिसमे से बांग्लादेश से एलपीजी आयात भी शामिल है. यह एलपीजी पूर्वोत्तर राज्यों में वितरित की जाएगी.

प्रश्न 9. भारतीय क्रिकेट टीम का कौन सा खिलाडी एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने वाला छठा भारतीय बन गया है?
क. मयंक अगरवाल
ख. विराट कोहली
ग. रोहित शर्मा
घ. चेतेश्वर पुजारा

उत्तर: ग. रोहित शर्मा – भारतीय टीम के ओपनर खिलाडी रोहित शर्मा एक टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाने छठे भारतीय बन गए है. रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 176 रन बनाए थे और दूसरी पारी में 127 रन बनाये थे.

प्रश्न 10. भारतीय टीम के ओपनर खिलाडी रोहित शर्मा एक टेस्ट मैच में कितने छक्के लगाकर एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है?
क. 10 छक्के
ख. 12 छक्के
ग. 13 छक्के
घ. 15 छक्के

उत्तर: ग. 13 छक्के – भारतीय टीम के ओपनर खिलाडी रोहित शर्मा एक टेस्ट मैच में 13 छक्के लगाकर एक टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए है. उन्होंने पकिस्तान के वसीम अकरम के एक टेस्ट मैच के 12 छक्के का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. भारतीय में रोहित के बाद दूसरे नंबर पर नवजोत सिंह सिद्धू हैं.

बीते काल के करंट अफेयर्स प्रश्नोत्तरी देखे:

7 अक्टूबर 2019 महत्वपूर्ण सामयिकी (Current Affairs) प्रश्नोत्तरी हिंदी भाषा में